CON 735

# एतदर्थ मंडल (हिंदी भाषा परीक्षा), महाराष्ट्र शासन

भाषा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, प्रशासकीय भवन, ५ वी मंजिल,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान के निकट, सरकारी कालोनी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई ४०० ०५१.

**निम्नश्रेणी परीक्षा**

**पहला प्रश्नपत्र — पाठ्य-पुस्तक तथा कार्यरूप व्याकरण**

रविवार, दिनांक १३ दिसम्बर २०२०

[**समय** : सुबह १०-३० बजे से दोपहर १-०० बजे तक]

(**कुल अंक** — १००)

**सूचनाएँ**.—(१) सभी प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** भाषा तथा **देवनागरी** लिपि में लिखिए।

(२) शुद्ध भाषा तथा सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

---

**अंक**

**प्रश्न १. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग आठ-दस पक्तियों में लिखिए :–** १५

(१) मरीज से मिलने जाते समय कौन-कौनसी सावधानियाँ बरतनी चाहिए इस विषय पर अपने विचार लिखिए।

(२) काँजी हाऊस में पशुओं के रखरखाव विषय पर अपने विचार लिखिए।

(३) ‘ शकुन-अपशकुन ’ के बारे में अपने विचार लिखिए ।

(४) आँखे, ‘देखने के अलावा ’ और भी कई तरह के काम करती है इस विषय पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए ।

(५) महानगरों में आवास की समस्या के विषय में अपने विचार लिखिए।

**(ब) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही आठ प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :—** १६

(१) करामत अली कितने दिनों से अस्वस्थ था ?

(२) गोवा का सबसे बड़ा बीच कौनसा है ?

(३) ‘ रीढ़ की हड्डी ’ एकांकी किस विषय पर लिखी गई है ?

(४) फूल क्या नही बेचता ?

(५) नागर जी कौन-कौन से लेखकों के संपर्क में रहे ?

(६) गोरी को किसका दान दिया ?

(७) सौर मंडल के एक उपग्रह का क्या नाम है ?

(८) गोवा राज्य कितने भागों में बँटा है ?

(९) लेखक किनके सेवा में लगे थे ?

(१०) सोनाबाई की छोटी लड़की दवा की शीशी लेकर कौनसा डांस करने लगी ?

[ पलटकर देखिए

प्रश्न २. **(अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग आठ-दस पंक्तियों में लिखिए :—** १४

(१) गोवा की शाम चित्रीत कीजिए ।

(२) फागुन के महिने में प्रकृति रंग जाती है, 'मन' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(३) आत्मचिंतन के लाभ स्पष्ट कीजिए ।

(४) 'गोपाल प्रसाद विवाह को बिजनेस मानते हैं' इस विषय में अपने विचार स्पष्ट कीजिए ।

**(ब) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में से किन्ही पाँच के रिक्त स्थानों की पूर्ति पाठ्य-पुस्तक के आधार पर कीजिए :–** ५

(१) विश्व का पालक बन जो .................. उसको कर रहा है।

(२) भूमि परत भा ढाबर पानी। जनु .................. लपटाणी।

(३) तारे निपट मलीन चंद ने .................. है पाय।

(४) उषा ने हँस .................. किया, और पहनाया हीरक हारा।

(५) मृत्यू को जीना .................. विष पीना है जिजीविषा।

(६) मैंने जोश में आकर कहा .................. अपने काव्य में बिखेरे हैं उन्हें कैसे दे दूँ।

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए :–** १२

(१) कला और कलाकार का सम्मान करना हमारा दायित्व हैं इस विषय में अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

(२) बुढापा बहुदा बचपन का पुनरागमन होता है, इस बात को 'बुढी काकी' पाठ के माध्यम से अपने विचार लिखिए।

(३) मानव और पशु के संबंध के विषय पर अपने विचार लिखिए।

प्रश्न ३. **(अ) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्ही तीन मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए :–** ९

(१) टाँग अड़ाना—

(२) मुँह लाल होना—

(३) गला भर आना—

(४) बोलबाला होना—

(५) गुजर-बसर होना—

**(ब) निम्नलिखित क्रियाओं में से किन्ही दो के सहायक क्रिया के रूप में ही अपने सार्थक वाक्यों का प्रयोग कीजिए। प्रत्येक के लिए स्वतंत्र वाक्य लिखिए :–** ४

(१) देना—

(२) जाना—

(३) पड़ना—

(४) रहना—

अंक

(क) निम्नलिखित वाक्य किसने किस संदर्भ में कहा है, कोई चार लिखिए :— ४

(१) "माफ कर लक्ष्मी, रहमान बड़ा मूर्ख है।"

(२) "भ्रष्टाचार के बारे में आपकी क्या राय है ?"

(३) "हाय, तुम्हें क्या हो गया ? कारवालों का सत्यानाश हो।"

(४) "अरी मँझली, सिरचन को बुँदिया क्यों नहीं देती ?"

(५) "भैया पेढें खिलाओं दवा गिरना शुभ होता है।"

(ड) निम्नलिखित में से विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए (कोई चार) :— ४

(१) बुढी काकी तब रोने लगती थी,—

(अ) जब घरवाले उनकी इच्छा के विरूद्ध बात करते।

(ब) उन्हें बाजार नहीं जाने देते थे।

(क) सही समय पर भोजन मिलता था।

(२) भुट्टेवाले के भुट्टे की विशेषता,—

(अ) अधकच्चा।

(ब) मसाला लगाया हुआ।

(क) ऊँची आवाज में बात करना।

(३) कवि लपकानंद के विषय में लेखक ने क्या बताया,—

(अ) जब भी मिलेंगे दस-बीस कविताएँ पिलाए बीना नहीं छोडेंगे।

(ब) अकारण ही परेशान करेंगे।

(क) बेतुकी बात करते रहते थे।

(४) व्यापार की कला किससे प्राप्त होती है,—

(अ) अपने साथी एवं समाज से।

(ब) दानी लोगों की कृपा से।

(क) समाज को अधिकाधिक देने से।

(५) मानु को उपहार में क्या मिला,—

(अ) शीतलपाटी।

(ब) चाय।

(क) मिठाई।

प्रश्न ४. (अ) निम्नलिखित वाक्यों में से सहायक क्रिया छाँटकर लिखिए (कोई तीन) :– ३

(१) रमजानी काम में जुट गई।

(२) बच्चे खेलने लगे।

(३) यह कुरसी दीवार की तरफ खिसका दो।

(४) देरी करने को मेरा मन गवारा नही कर पाया।

(ब) निम्नलिखित शब्दों के वर्तनी के अनुसार शुद्ध रूप लिखिए (कोई चार) :– २

(१) समेलन

(२) परसान

(३) चुटकारा

(४) आर्कषन

(५) ओप्चारिक।

(क) निम्नलिखित अव्ययों का सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए (कोई तीन) :– ३

(१) सामने

(२) जहाँ

(३) की और

(४) शायद

(५) पर

(६) किंतु।

(ड) सूचना के अनुसार वाक्यों के काल बदलकर वाक्य फिर से लिखिए (कोई तीन) :— ३

(१) लक्ष्मी उसकी और देखती है। (अपूर्ण भूतकाल)

(२) गोवा में मुझे मेरे पुराने अध्यापक मिले थे। (सामान्य भूतकाल)

(३) मेरी गाड़ी तो बिक जाती है। (पूर्ण वर्तमानकाल)

(४) गुरूदेव अपने समय पर स्नान करते हैं। (पूर्ण भूतकाल)

(५) मेरी चाय में चीनी ज्यादा डालते हैं। (सामान्य भविष्यकाल)

(६) अब हम उसका प्रयोग कर सकेंगे। (अपूर्ण वर्तमानकाल)

(इ) निम्नलिखित में से किन्ही छह वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :— ६

(१) राम ने हिरण का शिकार की।

(२) सोनाबाई से एक पल लड़की को घूरी।

(३) लोग गंगा नदी को पवित्र मानते हूँ।

(४) लक्ष्मी की आँख में आँसू आई।

(५) इस घर में अनेकों खाली पीपी हैं।

(६) गुप्ता जी की कमरा शायद बगल में हैं।

(७) सिरचन को कोई लड़का-बाला नही थे।

---

CON 736

# एतदर्थ मंडल (हिंदी भाषा परीक्षा), महाराष्ट्र शासन

भाषा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, प्रशासकीय भवन, ५ वी मंजिल,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान के निकट, सरकारी कालोनी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई ४०० ०५१.

**निम्नश्रेणी परीक्षा**

**दुसरा प्रश्नपत्र : निबंध लेखन, पत्र लेखन, सार लेखन, अनुवाद, इ.**

रविवार, दिनांक १३ दिसम्बर २०२०

[**समय** : दोपहर २-०० बजे से ४-४५ बजे तक]

**(मौखिक परीक्षा की अवधी मिलाकर)**

(**कुल अंक** — १००)

**सूचनाएँ.**—(१) सभी प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** भाषा तथा **देवनागरी** लिपि में लिखिए।

(२) शुद्ध भाषा तथा सुवाच्च लेखन अपेक्षित है।

---

अंक

**प्रश्न १. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषयपर लगभग पच्चीस-तीस पंक्तियों में निबंध लिखिए :—** २०

(अ) एक बाढ़ पीड़ित की आत्मकथा।

(ब) यदि सूरज न उगता।

(क) बेरोजगारी की समस्या एवं समाधान।

(ड) मेरी की हुई सैर।

(इ) संगणक का महत्त्व।

**अथवा**

**निम्नलिखित रूपरेखा के आधारपर पंद्रह से बीस पंक्तियों में एक कहानी लिखिए तथा उचित शीर्षक भी दीजिए :—**

एक भिखारी —— गरीबी और भूख से परेशान —— लक्ष्मी माता से प्रार्थना ——देवी प्रसन्न ——वरदान——सोने की मुहरें माँगना —— देवी की शर्त मुहरें झोली में लेना —— अगर मुहरें जमीन पर गिरेंगी तो मिट्टी बनेंगी —— झोली फैलाना —— मुहरों का झोली में आना —— लालच बढ़ना —— झोली का फटना —— मुहरें जमीन पर गिरकर मिट्टी बनना ——पछतावा।

**प्रश्न २. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पत्र का प्रारूप (नमूना) तैयार कीजिए :—** १४

चंदुलाल/चाँदनी शाह, ९० अंतकृपा, शिवाजी नगर, जलगाँव से वार्ड के स्वास्थ्य अधिकारी महानगरपालिका जलगाँव की अपनी कालोनी में स्वच्छता अभियान प्रारंभ करने हेतु पत्र लिखता / लिखती है।

**अथवा**

सौमित्र/सुमित्रा चटर्जी, ५२० योगदाना-श्रम मार्ग, देवलाली, नासिक से अपने मित्र/सहेली को छुट्टियाँ बिताने के लिए अपने यहाँ आमंत्रित करते हुए पत्र लिखता/लिखती है।

[पलटकर देखिए

अंक

**प्रश्न ३. निम्नलिखित गद्यखंड पढ़कर उसपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए अथवा गद्यखंड का एक-तिहाई सार लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए :—** २०

हम अमरनाथ की गुफा से बहुत ऊँचाही पर थे। अब हमें इस हिमसरोवर का, जो संभवतः एक किमी लंबा होगा, पार करके दूसरी तरफ नीचे गुफा तक जाना था। हम लोगों ने सोचा कि चढ़ाई खत्म होने से हमारी मुश्किलें भी खतम हो गई होंगी, इसलिए बहुत थके होने पर भी हमने यात्रा की यह मंजिल भी तय करनी शुरू की। इसमें बड़ा धोखा था, क्योंकि वहाँ दरारें बहुत-सी थी और ताजा गि़रनेवाली बर्फ खतरनाक दरारों को ढँक देती थी। इस नई बर्फ ने ही मेरा करीब-करीब खात्मा कर दिया होता। क्योंकि मैंने ज्यों ही उसके ऊपर पैर रखा, वह धँस गई और मैं धम से नीचे एक विशाल दरार में, जो मुँह बाए हुए थी, जा गिरा। यह दरार बहुत बड़ी थी और कोई भी चीज उसमें बिलकुल नीचे पहुँचकर हजारों वर्ष बाद तक भूगर्भशास्त्रियों की खोज के लिए सुरक्षित रह सकती थी। लेकिन मेरे हाथ से रस्सी नहीं छूटी और मैं दरार की बाजू को पकडे रहा और ऊपर खींच लिया गया। इस घटना से हम लोगों के होश तो ढिले हो गए थे, पर फिर भी हम लोग आगे चलते ही गए। लेकिन दरारों की तादाद और इनकी चौडाई आगे जाकर और भी बढ़ गई। इनमें कुछ को पार करने के साधन भी हमारे पास न थे, इसलिए अंत में हम लोग थके-माँदे हताश हो लौट आए और इस प्रकार अमरनाथ की गुफा अनदेखी ही रह गई।

**प्रश्न :—**

(अ) अमरनाथ गुफा की ओर जानेवाला मार्ग कैसा था ?

(ब) लेखक को यात्रा की मंजिल पाने में किस प्रकार की मुश्किलें आयी और उसने मुश्किलों का सामना किस प्रकार किया ?

(क) लेखकने विशाल दरारों का वर्णन किस प्रकार किया है ?

(ड) " होश ढीले होना " इस मुहावरे का सुलभ हिंदी में अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(इ) अमरनाथ की गुफा अनदेखी क्यों रह गयी ?

(फ) उपरोक्त गद्यखण्ड को उचित शीर्षक दीजिए।

**प्रश्न ४. निम्नलिखित गद्यखंड का मराठी या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :—** २०

कृषि विकास को सर्वाधिक महत्त्व देने का और कृषि व्यवसाय लाभदायी साबित हो ऐसी व्यवस्था करने का राज्य सरकार का इरादा है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर बंजर और परती भूमि तथा खार भूमियों विकासकार्य और मृदा तथा जल संरक्षण उपायों से, कृषि भूमि के कटाव को रोकने जैसे कार्य को गति प्रदान की जाएगी। किसानों के हित के लिए कृषि बीमा योजना अधिक प्रभावी बनाने की हमारी इच्छा है। किसानों को बेहतर किस्म के बीज और खाद समयपर उपलब्ध कराने के लिये संबंधित ढ़ाचे में आवश्यक सुधार किया जायेगा। रोजगार गारंटी योजना के तहत फलोत्पादन विकास योजना और जवाहर कूँओ योजना का राज्य में कृषि विकास के प्रभावी साधन के रूप में उपयोग किया जायेगा।

अंक

प्रश्न ५. निम्नलिखित मराठी या अंग्रेजी गद्य खंड का हिंदी में अनुवाद कीजिए :— २०

अति परिचयाची वस्तू म्हणून आपण वृक्षांचा अनादर करतो ; पण त्यांच्यासारखा सोबती तुम्हांला मिळायचा नाही. तुम्ही केव्हाही त्यांच्याकडे बघा. ध्यानस्थ मुनिजनांप्रमाणे ते पवित्र वाटतील. संध्याकाळी सूर्याची मावळती किरणे वृक्षशिखरांवर पडली म्हणजे तो तांबूस रंग ओसरेपर्यंत तेथून तुमचा पाय उचलायचा नाही. पावसाळ्यात पाने स्वच्छ धुऊन निघाली, म्हणजे हरितवसना नववधूप्रमाणे झाडे प्रसन्न दिसतात. इतकेच काय, पण इंग्रजीतील एक कवी कोलरिज म्हणतो त्याप्रमाणे फांद्या पर्णहीन होऊन वीणेच्या तुटलेल्या तारांप्रमाणे दिसायला लागल्या व एकटेच पान वाऱ्याशी फडफडत असले तरी वृक्षाची शोभा कमी होत नाही.

अथवा

The Soil, Topography, Rainfall and Climate in Maharashtra are in general not very conductive to agriculture, resulting in relatively low yields of the crops in the State as compared with those in India. Nearly 1/3 area of the State in the rain shadow region where the rains are not only scanty but also erratic. In respect of irrigation also the State is far below the national average. The percentage of gross irrigated area to cropped area in the State was only 15.4 per cent as compared with 14.00 per cent for the country as a whole in 1996-1997. The agriculture in the State is thus largely dependent on Monsoon.

प्रश्न ६. निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही छह शब्दों के लिए हिंदी पर्यायी शब्द लिखिए :— ६

(अ) Rules
(ब) Sales Tax
(क) Block Development Officer
(ड) Station Master
(इ) Gross Pay
(फ) Civil Surgeon
(ग) Compositor
(ह) Gate Keeper
(य) Purpose
(र) Desire.

अथवा

निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही छह शब्दों के लिए अंग्रेजी पर्यायी शब्द लिखिए :—

(अ) प्राथमिकता
(ब) नुकसान
(क) वाहन भत्ता
(ड) कुलाधिपति
(इ) डाक मोटर सेवा
(फ) वन भूमि
(ग) बाजार मूल्य
(ह) रेल इंजन
(य) जनगणना
(र) प्रश्नावली।